Ph. No. 0522 2635513
Email:- bsnvpg.iqac@gmail.com

# Internal Quality Assurance Cell (IQAC)

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय (के0के0वी0)
स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ — 226001

## आईक्यूएसी मीटिंग मिनट्स


**Date:-** 13-02-2025
**Event:**- IQAC Meeting
**Title: -** Related to various Quality related issues
**Venue**:- BSNVPG College, Principal, Lucknow
**Presided by**:- Prof. Sanjai Misra (Principal)
**Coordinated by**:-Prof. Ram Kumar (IQAC Co-coordinator)
**Members -**

1. Prof. Jyoti Kala - Member
2. Prof. Deepak Kumar Srivastava - Member
3. Prof. Govind Krishna Mishra - Member
4. Prof. Jai Shankar Prasad Pandey - Member
5. Dr. Manjul Trivedi - Member
6. Dr. Pramila Pandey - Member
7. Dr. Akhilesh Kumar Chowdhary - Member

महाविद्यालय की आईक्यूएसी की बैठक 13 फरवरी 2025 को प्रातः 11:30 बजे कॉनफ्रेंस कक्ष में संपन्न हुई। जिसका कार्यवृत निम्नवत है–

1. महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया।
2. प्रो0 राम कुमार तिवारी जी ने 29 जुलाई 2024 को हुई आईक्यूएसी मीटिंग में लिये गये निर्णयों का वाचन कर उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया।
3. प्रो. राम कुमार जी ने नैक के प्वाइंट विव्यू पर क्वालिटी इम्प्रूव करने के लिये एक अलग से बैठक करने पर विचार किया जिसमें समस्त विभागों से बेस्ट प्रैक्टिसेस पर चर्चा हो सके साथ ही विभागों के मध्य अच्छा सम्न्वय स्थापित हो सके। प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव जी के सम्न्वय में एक बैठक 24 फरवरी 2025 को की जायेगी। इस बैठक में महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिसेस में से दो प्रमुख प्रैक्टिस चुने जायेंगे।
4. प्रो. गोविंद कृष्ण मिश्रा जी ने कहा कि आईक्यूएसी के द्वारा जो पूर्व में निर्णय लिये गये हैं उन पर अमल होना चाहिए।
5. प्रो. राम कुमार जी ने आईक्यूएसी कक्ष के व्यवस्थित स्वरूप पर प्राचार्य जी से आग्रह किया जिससे आईक्यूएसी के समस्त कार्य एक ही कक्ष से संपादित किये जा सकें। आईक्यूएसी कक्ष सहायक के रूप में श्री सत्यव्रत पाण्डेय जी को नामित करने का आग्रह प्राचार्य जी से किया जो पहले से ही आईक्यूएसी के कार्यों को देख रहे हैं।
6. प्रो. राम कुमार जी ने मेंटोरशिप कार्यक्रम की समीक्षा करने का प्राचार्य जी से आग्रह किया जिस पर प्राचार्य प्रो. संजय मिश्र जी ने सबसे पहले मेंटोरशिप कार्यक्रम को सराहा साथ ही इसके विधिवत क्रियान्वयन पर जोर देते हुए इसकी एक अलग से बैठक 19 फरवरी 2025 को करने को कहा।
7. प्रो. ज्योति काला जी ने छात्रों की उपस्थिति पर विचार व्यक्त किया और कहा कि जब तक विद्यार्थी महाविद्यालय में उपस्थित नहीं होंगे तब तक उनका सर्वांगीण विकास होना संभव नहीं है। साथ ही उन्होने मेंटरशिप प्रोग्राम में विद्यार्थियों को अपना मेंटर चुनने की अनुमति देने का सुझाव रखा। इस पर प्राचार्य का मत था कि इस प्रोसेस में समस्या आयेगी अतः यह तय हुआ कि अगर अगर विद्यार्थी अपना मेंटर बदलना चाहते हैं तो वे एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से आईक्यूएसी से निवेदन कर सकते हैं जिस पर विचार कर तदनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
8. आईक्यूएसी में गैर शिक्षक सदस्यों के पद रिक्त हैं जिन्हें भरने के लिये प्राचार्य जी को आग्रह किया गया। उन्होने शीघ्र ही इस हेतु नाम देने का आश्वासन दिया।

9. महाविद्यालय एवं विभागों का एकेडमिक कलेण्डर जारी करने पर सहमति बनी जिसे डॉ. मंजुल त्रिवेदी जी, प्राचार्य जी का सहयोग करके इसी सप्ताह वेबसाइट पर अपलोड करेंगें।
10. प्रो. राम कुमार जी ने रिसर्च स्कॉलर की मीटिंग कराने को कहा जिस पर डॉ. मंजुल त्रिवेदी एवं प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव जी ने कहा कि इससे शोध कार्य को गति प्राप्त होगी। इसकी एक बैठक मार्च के प्रथम सप्ताह में की जायेगी।
11. महाविद्यालय में राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय/विश्वविद्यालय लेवल या महाविद्यालय स्तर पर कम से कम साल में एक बार सभी विभागों द्वारा सेमिनार किये जाने पर व्यापक विमर्श हुआ। यह तय हुआ कि बड़े विभाग अकेले एवं छोटे विभाग किसी के साथ मिलकर सेमिनार का आयोजन अवश्य करें। इसके लिये सभी विभागाध्यक्षों को प्राचार्य की ओर से निर्देशित किया जायेगा। डॉ. प्रमिला पाण्डेय जी ने कहा कि सेमिनार का विषय सभी संकायों के अनुकूल होना चाहिए जिससे अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग कर सकें।
12. प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव जी ने महाविद्यालय में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम चलाने हेतु प्राचार्य जी से आग्रह किया जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होने आग्रह किया कि समस्त विभाग के हेड अपने अपने विभाग की गतिविधियों को वेबसाइट पर अवश्य अपलोड कर दें। प्रो. राम कुमार ने इसकी मासिक समीक्षा करने को कहा।
13. प्रो0 जय शंकर प्रसाद पाण्डेय जी ने विद्यार्थियों और अध्यापक के मध्य बेहतर संवाद हो सके इसके लिये प्रभावी कदम अपनाने पर विचार व्यक्त किये और विद्यार्थियों के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसे कार्यक्रम भी महाविद्यालय में चलाये जायें इस पर भी विचार करने को कहा। प्राचार्य जी ने ऐसी संभावनाओं पर विचार करने को कहा।
14. प्रो0 जय शंकर प्रसाद पाण्डेय जी ने अलुमनी को सक्रिय करने पर जोर दिया। साथ ही आईक्यूएसी की नियमित मासिक बैठक करने का भी आग्रह किया।
15. आईक्यूएसी की अगली बैठक 24 फरवरी 2025 दिन सोमवार को प्रातः 11:30 बजे कॉनफ्रेंस हॉल में होगी जिसमें समस्त सदस्य एवं विभागाध्यक्ष अपेक्षित होंगे।
16. अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।



Internal Quality Assurance Cell (IQAC)
बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय (के०के०वी०)
स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ - 226001

Thursday, February 13, 2025

IQAC Meeting

| SR.NO. | NAME | SIGNATURE |
|---|---|---|
| 1 | Prof Jai Shanker Prasad Pandey | |
| 2 | Dr. Pramila Pandey | |
| 3 | A.K. Choudhary | |
| 4 | Prof. D.K. SRIVASTAVA | |
| 5 | Prof. Jyoti Kala | |
| 6 | Dr. Manjul Trivedi | |
| 7 | Prof. G.K. Mishra | |
| 8 | | |
| 9 | | |
| 10 | | |
| 11 | | |
| 12 | | |
| 13 | | |
| 14 | | |
| 15 | | |
| 16 | | |
| 17 | | |
| 18 | | |
| 19 | | |
| 20 | | |

IQAC CO-ORDINATOR

PRINCIPAL

**(प्रो0 राम कुमार)**
**कोआर्डिनेटर, आईक्यूएसी**

**(प्रो0 संजय मिश्रा)**
**प्राचार्य**


2025/02/13 11:38
E 80.9 N 26.8
SATYA VRAT PANDEY


2025/02/13 11:38
E 80.9 N 26.8
SATYA VRAT PANDEY


2025/02/13 11:39
Lucknow, India
SATYA VRAT PANDEY


2025/02/13 11:39
Lucknow, India
SATYA VRAT PANDEY


2025/02/13 12:47
Lucknow, India
SATYA VRAT PANDEY


2025/02/13 12:47
Lucknow, India
SATYA VRAT PANDEY